हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 30 नवंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 एंजेल स्मार्ट सिटि हॉस्पिटल झांसी के डॉक्टरों ने...



07 जो बिल्डिंग कभी अपराधियों को पहुंचाती थी...



## खबर संक्षेप

### दिव्यांग प्रकोष्ठ के पद पर दामोदर कोरी की नियुक्ति



**सागर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी दिव्यांग प्रकोष्ठ के पद पर दामोदर कोरी की नियुक्ति हुई है गौरतलब है कि दिव्यांग दामोदर कोरी पिछले 20 वर्षों से समाज सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं । इसके साथ ही 9 वर्षों से लगातार जनसुनवाई में निशुल्क टाइपिंग करते आ रहे हैं। अध्यक्ष पद पर निर्वाहन हेतु नियुक्ति उनकी कार्यप्रणाली परंपरागत्ता मेहनत और ईमानदारी पर हुई है जिसका निर्वाहन भी पूर्ण निष्ठा से करूंगा।

### विधायक शैलेंद्र जैन ने शिवाजी वार्ड में पहुंचकर भरवाए गणना फॉर्म

**सागर।** एसआईआर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत आज सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन शिवाजी वार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय बीएलओ, पार्षदों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जाकर मतदाताओं के गणना फॉर्म भरवाए। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को इस प्रक्रिया का महत्व समझाते हुए कहा कि यह निर्वाचन प्रणाली का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। विधायक जैन ने बताया कि गणना फॉर्म भरकर हम अपना सत्यापन सुनिश्चित करते हैं, जिससे सूची में अनावश्यक रूप से जुड़े फर्जी वोटरों की पहचान कर उन्हें पृथक किया जा सके। उन्होंने जनता से अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की। अभियान के अंतर्गत विधायक जैन ने शिवाजी वार्ड में पहुंचकर कार्य प्रगति की जानकारी भी ली। इस अवसर पर पार्षद हेमंत यादव, अभिमन्यु सोनी एवं प्रणव कनौआ उपस्थित रहे।

### हर दिन बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सागर।** जिला चिकित्सालय में अब हर दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे एवं बनने के पश्चात दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर किया जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ, सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के दिव्यांगों को चिन्हित कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय भेजें जिससे कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के बाद संबंधित अधिकारी प्रमाणपत्र को दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर करें एवं उन तक हार्डकॉपी पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने कहा कि दिव्यांगजन यदि आपके समक्ष आतें है तो पूरे सम्मान के साथ उनकी बात सुनें और उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

जहां-जहां कांग्रेस पहुंची वहां वहां हो गया बंटाढार: गोविंद सिंह राजपूत

# मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किया 12 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन


हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कांग्रेस ने लोगों को सिर्फ झूठे सपने दिखाए जमीन स्तर पर भाजपा ने विकास करके जनता का विश्वास जीता है। अब कांग्रेस की हालत यह है कि जहां-जहां कांग्रेस पहुंची है वहां-वहां बंटाधार होता गया है यह बात खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ग्राम चंद्रपुर, पिपरिया चोर, सेमरा झीला, मुरली बासौदा, झीला में आयोजित 12 करोड़ के विकास कार्यों के भूमि पूजन एवं लोक अर्पण के अवसर पर कहीं । उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महाराष्ट्र में गठबंधन किया तो वहां शिवसेना के दो टुकड़े हो गए उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के साथ पहुंचे तो वहां अखिलेश यादव को हार मिली तो वही अभी हाल में हुए चुनाव बिहार में तेजस्वी यादव के साथ पहुंचे तो वहां भी तेजस्वी यादव जो कभी 75 सीटें लाते थे कांग्रेस के साथ गठबंधन के बाद तेजस्वी यादव की पार्टी सिर्फ 25 सीटों पर सिमट कर रह गई । कांग्रेस के साथ जो भी गया है वह भी डूब गया है इसलिए जो आपका साथ दे आप उसके साथ रहो जो आपके विकास के बारे में सोचे उसका साथ देकर राष्ट्र निर्माण में योगदान सभी लोग दें ।



मंत्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधान सभा क्षेत्र विकास कार्यों में किसी से पीछे नहीं है जमीनी स्तर के विकास कार्य हो ही रहे हैं इसके अलावा हमारे क्षेत्र के युवाओं के विकास और कौशल के लिए भी लगातार काम किया जा रहा है युवाओं के लिए खेल के मैदान, जिम का सामान, छात्र-छात्राओं के लिए स्मार्ट क्लास आदि मुहैया कराया जा रहे हैं ना क्षेत्र पीछे रहेगा ना हमारे क्षेत्रवासी किसी से पीछे रहेंगे ।

मंत्री राजपूत ने क्षेत्र वासियों का आवाहन करते हुए एस आई आर के कार्य में सहयोग करने एवं मतदाता सूची में अपना को अपने परिजनों का नाम जुड़वाने के लिए क्षेत्र वासियों से आग्रह किया। मंत्री राजपूत ने ग्राम झीला में पहुंच मार्ग, आरोग्यम की बाउंड्री ,नाली निर्माण, सीसी रोड, सत्संग भवन, यात्री प्रतीक्षालय, राहतगढ़ खुरई मार्ग, ग्राम चंद्रपुर में मंगल भवन, चबूतरा निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र, मंगल भवन, सामुदायिक भवन ,ग्राम बासौदा में सीसी रोड निर्माण, समुदा मंगल भवन सहित 12 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्र वासियों को दी।



### इंजी संजय रोहिदास ने यंग ब्रिगेड जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

**सागर।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के नव संगठन सृजन के तहत मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष गजानंद तिवारी ने जिला कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड सागर ग्रामीण अध्यक्ष पद पर इंजी. संजय रोहिदास को नियुक्त है। जिस पर जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के मकरोनिया स्थित पद्माकर नगर कार्यालय में पदभार ग्रहण जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा की अध्यक्षता मे एवं जिला कांग्रेस एस आई आर समन्वय समिति के सदस्यों की विशेष उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व सांसद आनंद अहिरवार, बुंदेल सिंह बुंदेला, त्रिलोकी कटारे, पूर्व विधायक तरवर लोधी, पूर्व विधायक नारायण प्रजापति, सिंटू कटारे कमलेश साहू, उमा नवैया, पीपी नायक, प्रमिला सिंह राजपूत, सुरेंद्र सुहाने, आशीष ज्योतिषी, अशरफ खान, देवेंद्र कुर्मी, अभिषेक गौर, सीमा कमल चौधरी, कार्यालय प्रभारी मनोज पवार, अजय अहिरवार, जय पाराशर, विक्रम यादव, सचिन रोहित, आकाश चौधरी, सचिन अहिरवार उपस्थित थे।

### निगम कर्मचारी राजेंद्र मलैया को निलंबित किया

**सागर।** कलेक्टर के निर्देश अनुसार नगर निगम आयुक्त सह अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एस आईआर सर्वे) में लापरवाही बरतने पर नगर निगम राजस्व शाखा के स्थाई कर्मी राजेंद्र मलैया को निलंबित किया है। निलंबन आदेश में लेख किया गया है जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 के निर्धारित लक्ष्य अनुसार कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था परंतु आपके द्वारा निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य विशेष गहन पुनरीक्षण में रूचि न लेते हुये लगातार लापरवाही की जा रही है जो कि आपके पदीय दायित्व के विपरीत होकर म.प्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 2 व 3 के तहत कदाचरण की श्रेणी में आता है। अतः मतदाता गहन पुनरीक्षण के कार्य में घोर लापरवाही बरतने के कारण एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के कारण म.प्र. सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील के नियम 9 के तहत राजेन्द्र मलैया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

### कृषि विज्ञान केंद्र में छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण, कृषि प्रयोगशालाओं में लिया व्यावहारिक प्रशिक्षण



**सागर।** कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा (जेएनकेवीवी) की छात्राओं ने कृषि विज्ञान केंद्र, सागर में विभिन्न कृषि प्रयोगशालाओं का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के.एस. यादव के मार्गदर्शन एवं इंचार्ज डॉ. ममता सिंह के साथ संपन्न हुआ। सबसे पहले छात्राओं ने मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का अवलोकन किया, जहां प्रभारी जितेंद्र सिंह राजपूत ने मिट्टी नमूना संग्रह, विश्लेषण प्रक्रिया तथा सॉयल हेल्थ कार्ड तैयार करने की सभी विधियों की जानकारी प्रदान की।इसके बाद छात्राओं ने उर्वरक गुण परीक्षण प्रयोगशाला एवं बीज परीक्षण प्रयोगशाला का भ्रमण किया। उर्वरक प्रयोगशाला प्रभारी एस.बी. सिंह ने उर्वरकों के परीक्षण, गुणवत्ता नियंत्रण तथा मानक निर्धारण से संबंधित वैज्ञानिक प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया। वहीं बीज परीक्षण प्रयोगशाला में प्रभारी संजय पाठक द्वारा विभिन्न फसलों के बीजों के परीक्षण, उनके मानकों व गुणवत्ता मूल्यांकन की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने छात्राओं के सभी प्रश्नों का समाधान कर उन्हें वास्तविक प्रयोगशाला कार्य का व्यावहारिक अनुभव कराया। यह शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ, जिससे उनके तकनीकी ज्ञान, आत्मविश्वास तथा व्यावसायिक दक्षता में वृद्धि हुई। ऐसे अनुभव कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाते हैं और छात्राओं को कृषि क्षेत्र में अनुसंधान एवं विस्तार सेवाओं के लिए तैयार करते हैं। भ्रमण के दौरान मुस्कान, आकांक्षा, काजल, वर्षा, सपना, करिश्मा, रानी, सृष्टि, दिव्या, कंचन, रंजू, श्रेया, शिवा, हर्षिता, नंदिनी, चांदनी, शीतल, दीक्षा, अदिति, वैष्णवी, सुरक्षा, मधु सहित कुल 23 छात्राएं उपस्थित रहीं।

### नगर निगम क्षेत्र के एसआईआर सर्वे की प्रगति की समीक्षा की

**सागर।** नगर निगम आयुक्त एवं सह जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री ने मंगलवार को नगर निगम क्षेत्र में संचालित एसआईआर सर्वे कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी वार्डों से आए बीएलओ एवं निगम के अधिकारी उपस्थित थे। नगर निगम आयुक्त ने सर्वे की वर्तमान स्थिति, प्राप्त फॉर्मों की संख्या सहित अन्य जानकारी ली।

## सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन रहली रॉयल्स टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा स्थित पीपलघाट कबड्डी मैदान में चल रहे सांसद खेल महोत्सव के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। जिसमें दो फाइनल मुकाबले हुए पुरुष वर्ग से रहली रॉयल्स एवं हंस वाहिनी रनगुंवा के बीच खेला गया। जिसमें रहली रॉयल्स की टीम विजेता बनी। दूसरा फाइनल मैच महिला वर्ग टीमों के बीच खेला गया। जिसमें रहली रॉयल्स गर्ल्स एवं पीजी कॉलेज गढ़ाकोटा के बीच खेला गया। जिसमें पीजी कॉलेज गढ़ाकोटा की टीम विजेता बनी।



मुख्य अतिथि दमोह सांसद राहुल से लोधी ने विजेता टीम नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान किया। इसी तरह उपविजेता टीम को भी नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।कार्यक्रम में दमोह सांसद राहुल लोधी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि एक सांसद आम जनमानस से दूर न हो इसके लिये उन्होंने स्वस्थ्य भारत फिट युवा कि मुहीम चलाते हुए सम्पूर्ण देश में सांसद खेल उत्सव आरंभ किये गये.जिसके माध्यम से देशी खेलों कबड्डी, खोखो, बालीवाल, ताईक्वाडो, सहित ग्रामीण अंचलों को लेकर खेलों का आयोजन किया गया। रहली विधानसभा कबड्डी स्पर्धा के आयोजक अभिषेक भार्गव ने कहा कि नगर में पूर्व से कबड्डी स्पर्धा होती रही है कोरोना समय में आभाव रहा और फिर संयोग से सांसद खेल महोत्सव के रूप में भव्य आयोजन के माध्यम से क्षेत्र के हुनर मंद खिलाडियों को आगे लाने का अवसर मिला। इस अवसर पर रहली एसडीएम कुलदीप पाराशर, भाजपा पदाधिकारी, पार्षद बंधु जनप्रतिनिधि गण एवं दर्शक दीर्घा में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

"नागरिक कर्तव्य और महिला दायित्व" विषय पर कार्यक्रम आयोजित

## राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है संविधान : डॉ नन्दिता पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

संविधान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय स्त्री शक्ति संगठन जिला सागर मध्यप्रदेश द्वारा स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सभागार में "नागरिक कर्तव्य और महिला दायित्व" विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दीप प्रज्जवलन एवं गनेश पूजन विद्योत्मा महोविया के द्वारा करवाया गया एवं कु प्रिया कश्यप द्वारा अतिथियों को तिलक लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तद्उपरान्त अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण डॉ सुनीता दीक्षित द्वारा दिया गया। सर्वप्रथम इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन एवं औचित्य भारतीय स्त्रीशक्ति सागर की अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी द्वारा दिया गया, उन्होंने कहा कि ''जनगणना स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन'' केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की ''सशक्तीकरण''का एक महत्वपूर्ण उपाय है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी नागरिक, विशेषकर उन लोगों का जो किसी कारणवश छूट गए हैं, चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा बनें। यही प्रक्रिया हमें सही आंकड़ों के आधार पर विकास योजनाओं और संसाधनों के वितरण में मदद करती है। हम सभी का कर्तव्य है कि हम इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और यह सुनिश्चित करें कि हमारे देश में हर नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही तरीके से दर्ज हो। यह हमारी जिम्मेदारी है, ताकि हम एक मजबूत और न्यायपूर्ण लोकतंत्र का निर्माण कर सकें। मुख्य अतिथि भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नन्दिता पाठक ने सर्वप्रथम डॉ भीम राव अम्बेडकर जी को अपने श्रृद्धा सुमन व्यक्त किये और कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े विकास योजनाओं और संसाधनों के वितरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। यदि जनसंख्या का सही आंकड़ा मौजूद नहीं है, तो सरकार अपने संसाधनों का सही तरीके से वितरण नहीं कर सकती। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से इस समस्या का समाधान होता है और हम विकास कार्यों की सही दिशा तय कर सकते हैं। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर, चुनाव आयोग पूरे देश में मतदाता सूची को अद्यतन करता है। इसमें पुराने आंकड़ों को हटाकर, नए मतदाताओं को सूची में शामिल किया जाता है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि जिन नागरिकों ने अपना पता बदला है, उनका नाम भी सही स्थान पर मौजूद हो। सारस्वत वक्ता, फर्मासस्टि गौरी पांडेय ने कहा कि जनगणना स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एक विशेष प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य जनसंख्या की गणना को सही और अद्यतन रूप में तैयार करना है। जनगणना और विशेष रिवीजन प्रक्रिया का प्रमुख उद्देश्य लोकतंत्र में सभी नागरिकों का समावेश करना है। विशिष्ट अतिथि, समाजिक कार्यकर्ता रेखा राजपूत ने कहा कि एक निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी है कि वोटर लिस्ट सही और अद्यतन हो। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से यह सुनिश्चित होता है कि सभी योग्य मतदाताओं का नाम लिस्ट में हो, जिससे चुनाव निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी हो सकें। कार्यक्रम का मंच संचालन प्राध्यापक अंतिमा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार ज्ञापन शैलबाला बैरागी द्वारा किया गया। सुमन तिवारी, जाग्रति पटैरिया, नेहा जैन एवं सभी प्राध्यापक, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।



हरिभूमि




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निर्मेश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष 6 दिसंबर को आएंगी

**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने अवगत कराया है कि अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) उप्र राज्य महिला आयोग डॉ बबीता सिंह चौहान 6 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी और गोद भराई, अन्नप्रासन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। प्रातः 11:30 बजे स्थानीय गेस्ट हाउस में विभिन्न विभागों में महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगी और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक व जनसुनवाई करेंगी।

### निधन पर व्यापारी नेताओं ने जताया शोक

**ललितपुर।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल कार्यालय पर एक शोक बैठक आयोजित की गई, जिसमें व्यापार मंडल के वरिष्ठ नेता झांसी मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं.अवध बिहारी उपाध्याय की धर्मपत्नी उषा उपाध्याय के असमय निधन एवं मड़ावरा व्यापार मंडल के महामंत्री प्रियंक सराफ के दादा टीकमचंद सराफ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिवंगत आत्माओं की शांति एवं सद्गति हेतु प्रार्थना की गई। इस दौरान महेंद्र जैन मयूर, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, महेश जैन मोनू, अनिल जैन, अनिल अंचल, पंकज, नवीन सिंघई, अशोक अनोरा, मुन्नालाल जैन, डा.प्रीतम सराफ, आनंद जैन, जयनारायण शर्मा, सुरेन्द्र, विजय, मनोज सोनी मज्जू, मनोज 56, राजीव सुडेले, उदयभान यादव, हरीश सिंघई, राजीव चौधरी, लखन अग्रवाल, संजीव कप्तान, मुकेश जैन, नीतीश जैन, राजेंद्र जैन, रामप्रकाश साहू, संतोष साहू, सनत जैन, विनय जैन, रमाकांत तिवारी, अरविंद जैन, ज्ञानप्रकाश खंडेलवाल, अभय जैन एड., संजय खन्ना, अजमेरी खान, पंचम जैन, राजीव पटवारी, महेश जैन, पार्षद आलोक जैन मयूर, अंकित सतभैया, जिनेंद्र पंसारी, राहुल मोदी, सतीश जैन, जितेंद्र, अवनीश बुखारिया, दीपक सिंघई, उपेंद्र जैन, हेमन्त सिंघई आदि मौजूद रहे।

### सांसद खेल महोत्सव में हुआ फुटबॉल मैच



**विदिशा।** सांसद खेल महोत्सव के तहत गुरुवार को स्टेडियम में फुटबॉल मैच हुआ। जिसमें प्रथम मैच ट्रिनिटी स्कूल और पौआनाला एफसी के बीच खेला गया। जिसमें ट्रिनिटी स्कूल की फुटबॉल टीम ने 5 -0 से पौआनाला टीम को हराकर अगले राउंड में पहुंची। दूसरा मैच बेत्वांचल एफसी विरुद्ध ओलंपिस स्कूल एचसी के बीच हुआ। जिसमें बेतवा आंचल की टीम ने ओलंपस पर 5 -0 से विजयश्री हासिल कर अगले मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया। मैच के ऑफिशल वीएस बुंदेला, ज्योति राजपूत प्रशिक्षक आमिर खान, रविकांत नामदेव, पंकज भार्गव, एवं अरविंद राज राजपूत एवं सीनियर खिलाड़ियों में सहयोग किया।

### अधिकारियों ने किया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ

# एंजेल स्मार्ट सिटि हॉस्पिटल झांसी के डॉक्टरों ने जांचा 478 लोगों का स्वास्थ्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी शसत्य प्रकाश के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर में झांसी की एंजेल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया, जिसका जिलाधिकारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटि हॉस्पिटल के मोबाइल चार्जिंग स्टेशन का भी शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि ललितपुर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले, इसके लिए एजेंस स्मार्ट सिटि हॉस्पिटल की ओर से यह शिविर लगाया गया है, हॉस्पिटल में लगभग सभी डिपार्टमेंट्स के स्पेशलिस्ट उपलब्ध हैं और आयुष्मान योजना का लाभ भी दिया जाता है। इसके साथ ही जांचे भी न्यूनतम दर पर हो जाती हैं। शिविर में हॉस्पिटल के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के द्वारा कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारी व मीडिया बंधुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व परामर्श दिया गया। बताया गया कि झांसी स्मार्ट सिटि लिमिटेड द्वारा पीपीटी मॉडल पर अत्याधुनिक मल्टी स्पेशलिटी 200 बेड्स का अस्पताल है, जिसमे आयुष्मान कार्ड द्वारा मुफ्त इजाल की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा अन्य मरीजों का भी न्यूनतम दरों पर उपचार किया जा जाता है। हॉस्पिट में सभी प्रकार के स्पेशलिस्ट चिकित्सक उपलब्ध हैं। आज जनजागरुकता के लिए यह कैम्प लगाया गया है।



#### अस्पताल में एक ही छत के नीचे सभी तरह की जांचें

*हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर डॉ अतुल सिंह यादव ने बताया कि एंजेल स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल झांसी में बस स्टैंड आरटीओ के पास स्थित है, इस अस्पताल में एक ही छत के नीचे सभी तरह की जांचे न्यूनतम सीजीएचएस के रेट पर की जाती हैं जो बाजार से 50 प्रतिशत कम होती है, साथ ही इस अस्पताल में 32 डॉक्टरों की टीम मौजूद है जिसमें मुख्यत हार्ट सर्जन, डेंटल, फिजिशियन, न्यूरोलॉजी सहित अन्य सभी डिपार्टमेंट के चिकित्सक उपलब्ध हैं। कैम्प में चिकित्सकों द्वारा 478 मरीजों की जांचे की गई और जिन मरीजों को चिकित्सालय आने की सलाह दी जाती है उन्हें निःशुल्क देखा जाएगा। किसी भी जानकारी के लिए अस्पताल के हेल्पलाइन नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित कलैक्ट्रेट के अन्य अधिकारी/कर्मचारी, मीडिया बंधु एवं एजेंल स्मार्ट सिटि हॉस्पिटल के डेंटल डिपार्टमेंट से डॉ चारू कीर्ति मोहन, ऑर्थो डिपार्मेंट से डॉ सारंग अग्रवाल, गाइनेकोलॉजिस्ट डिपार्टमेंट से डॉ निधि आहूजा, पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट से डॉ तारा निगम उपस्थित रहे।*

### नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

## भूमि पूजन कर सड़क निर्माण कार्य का किया गया शुभारंभ



**ललितपुर।** वार्ड नंबर बीस तालाबपुरा में डाली जा रही सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने भूमि पूजन किया। इस दौरान प्रस्तावित सीसी सड़क के बीच स्थित काली माता मंदिर पर नपाध्यक्ष ने पूजन अर्चन भी किया। उन्होंने अवर अभियंता को निर्देशित किया कि डाली जा सही सड़क व नाली निर्माण कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जाये। यह भी कहा कि डाली जा रही सड़क को समयावधि पर ही पूर्ण कर लिया जाये। इस दौरान वार्ड पार्षद जगदीश यादव, विवेक जैन, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, हितेन्द्र रैकवार सहित संबंधित ठेकेदार व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद नपाध्यक्ष ने मोहल्ला तालाबपुरा में बंध के पास गलियों में हो रहे जल भराव की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए निरीक्षण किया। उन्होंने पालिका द्वारा बनाये गये नाले का भी निरीक्षण किया। मोहल्लेवासियों ने बताया कि बारिश के समय में गलियों में अत्याधिक जल भराव हो जाता है, पानी के निकासी का कोई समाधान नहीं है। जिस पर अध्यक्ष ने जेई को निर्देशित किया कि मोहल्लेवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पानी निकासी के लिए नाला निर्माण कराया जाये, जिससे कि मोहल्लेवासियों को समस्या उत्पन्न न हो। इसके अलावा उन्होंने तालाब बंध के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर देखा कि शौचालय जीर्णशीर्ण अवस्था में था। वार्ड पार्षद द्वारा अवगत कराया गया कि मोहल्ले में शौचालय की स्थिति जीर्णशींण होने के चलते मोहल्लेवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिस पर अध्यक्ष द्वारा मरम्मत कराये जाने के निर्देश अवर अभियंता को दिये गये।

### जरूरतमंदों को करती है पूर्ति

## जय अंबे समिति के दो सदस्यों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



मेडिकल कॉलेज मे गंभीर बीमारी से ग्रसित भर्ती प्रमोद चतुर्वेदी को ब्लड की आवश्यकता पड़ जाने पर मरीज की पत्नी ममता चतुर्वेदी ने समिति के अध्यक्ष को संपर्क कर बताया कि मेरे पति की स्थिति काफी चिंताजनक है और उन्हें ब्लड की आवश्यकता है मेरे परिवार मे मेरे अलावा और कोई नही है और मैं सारे दिन से ब्लड के लिए परेशान हो रही हूं किसी ने भी मेरी मदद नहीं की है कुछ लोगों के द्वारा बताया गया है की जय अंबे रक्तदान समिति आपकी मदद कर सकती है आप समिति से संपर्क करें मरीज की पत्नी ममता चतुर्वेदी से संपर्क होने के बाद समिति ने रक्तदाता शिक्षक बृजेश राजन को सूचना दी समिति सहित रक्तदाता बृजेश राजन रात्रि मे मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक पहुंचकर बृजेश राजन ने चौथी बार प्रमोद चतुर्वेदी को रक्तदान किया तो वही रक्षपाल यादव ने अत्यंत जरूरतमंद हरिराम अहिरवार को अपना बहुमूल्य ब्लड रक्तदान किया दोनों जरूरतमंदों के परिजनों ने रक्तदाताओं सहित समिति का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैया लाल रजक बलराम राज संजय पड़वाअर्जुन भोसले ममता चतुर्वेदी मनोज सोनी आदि मौजूद रहे।

### दो दिवसीय जिलाओरियंटेशन वर्कशॉप का शुभारंभ

## गोल्ड चैन उपकरणों की देखरेख व सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद के सभी 6ब्लॉकों से आये कोल्ड चेन हैण्डलर्स के लिये कार्यालय सभागार में दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट ऑरिएंटेशन वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को कोल्ड चेन उपकरणों के रख-रखाव के संबंध में तथा टीकों के द्वारा बचाव की जा सकने वाली बीमारियों यथा मिजिल्स, रूबेला, पोलियों एव डिप्थीरिया तथा टिटनेस, नियमित टीकाकरण आदि के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।

सीएमओ डॉ. इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से कोल्ड चेन उपकरणों के रख-रखाव में मदद मिलेगी। समस्त चिकित्सकों एवं टीकाकरण कर्मियों को टीकाकरण की अधुनांत जानकारी होना अत्यन्त आवश्यक है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. शिवप्रकाश ने टीकाकरण के दौरान दिये जाने वाले 04 महत्वपूर्ण सन्देशों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में वैक्सीन के वैज्ञानिक ढंग से रख-रखाव पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें अलग-अलग प्रकार की वैक्सीन के लिए तापमान सीमा, भंडारण की स्तरबद्ध व्यवस्था (फ्रीज़र, आईएलआर, रेफ्रिजरेटर आदि), वायल के स्थान और फस्ट इन फस्ट आउट/फस्ट एक्सपायर फस्ट आउट सिद्धांतों के पालन पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को यह सिखाया गया कि फ्रिज अथवा आईएलआर के भीतर तापमान का वितरण समान नहीं होता, इसलिए हर वैक्सीन को उसके निर्धारित स्तर पर ही रखा जाए और दरवाजा बार-बार खोलने से बचा जाए। साथ ही, बिजली बाधित होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था, आइस-पैक प्रबंधन तथा कोल्ड बॉक्स के सही उपयोग पर भी व्यवहारिक अभ्यास कराए गए। डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हैल्थ एक्सपर्ट डॉ. सौरभ सक्सेना ने टीकाकरण के बारे में प्रशिक्षण देते हुये वैक्सीन की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए कोल्ड चेन पॉइंट पर तापमान की सतत और सटीक निगरानी पर विशेष बल दिया। यह यह भी बताया गया कि यदि निर्धारित तापमान सीमा से मामूली विचलन भी हो जाए, तो वैक्सीन की प्रभावशीलता कम हो सकती है, इसलिए हर कोल्ड चेन हैंडलर का यह कर्तव्य है कि वह दिन में कई बार तापमान दर्ज करे, रिकॉर्ड सुरक्षित रखे और किसी भी असामान्यता की स्थिति में तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित करे। टीकाकरण की जानकारी सभी को होना एवं बच्चों का टीकाकरण समय पर कराना जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान एसएमओ डब्लूएचओ डॉ. सुमित बघेल, डीएमसी यूनिसेफ सवा परवीन, यूसीटीडी शिवेन्द्र, वीसीसीएम यूएनडीपी कहकशा सिद्दिकी एवं ब्लॉक से आए कोल्ड चेन हैण्डलर्स सीएमओ कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### टीएसआई ने बताए नियम

## बिना लाइसेंस के छात्र-छात्राएं वाहन न चलाएं, सुरक्षित रहें



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार के निर्देशन में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी द्वारा श्रीवर्णी जैन इंटर कॉलेज में छात्रों, विद्यालय स्टाफ को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से छात्रों, विद्यालय स्टाफ को हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंटबाजी न करना, राहवीर योजना, हिट एंड रन के मामले में सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर नियम विरुद्ध वाहन के संचालन करने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 96 वाहनों का चालान किया गया व 02 वाहनों को सीज किया गया।

### हमले में सिर में गंभीर चोटें आईं

## फैक्ट्री जा रहे उद्यमी पर जानलेवा हमला किया, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

फैक्ट्री जा रहे उद्यमी के साथ दबंग ने हमला कर दिया। इस मामले के प्रकाश में आने पर हड़कम्प मच गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मोहल्ला चौकाबाग निवासी अनुपम शर्मा पुत्र कैलाश शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरूवार को अपराह्न करीब 12 बजे वह अपनी झील कपर वटर की फैक्ट्री में जा रहा था। तभी रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले अमन पाराशर ने उसका रास्ता रोक लिया और गालियां देने लगा। मना करने पर उसके साथ हाथ के कड़े से मारपीट कर दी। इस हमले में उसे सिर में गंभीर चोटें आयीं। आस पास के लोगों ने उसका बचाव किया तो अमन पाराशर उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पीड़ित ने बताया कि उक्त अमन आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अमन पाराशर के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2), 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अमन पाराशर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पनारी स्थित कॉलेज में पेपर देने के लिए जा रहा था, तभी रास्ते में वह अपने दोस्त सुधांशु शर्मा से बात करने लगा। इसी बीच अनुपम शर्मा उमरिया आया और उसके दोस्त का मजाक उड़ाने लगा। मना करने पर गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि अनुपम ने उसके हाथ की घड़ी भी तोड़ दी। पुलिस ने अमन पाराशर की तहरीर परएफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

**दूसरे पक्ष ने लगाया मारपीट करने, घड़ी तोड़ने का आरोप**

### भाकिसं ने दिया ज्ञापन

## जाखलौन पंप कैनाल का टेल तक पानी पहुचाने की मांग की



**ललितपुर।** भारतीय किसान संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जाखलौन पम्प नहर को फुल गेज, 5 पम्प चलाकर टेल तक दैलवारा, अमरपुर,रसोईडिबाई , आदि सभी माइनरों में पानी पहुंचाया जाए। राजघाट की ऊपरी व निचली नहर का पानी टेल तक पानी पहुंचाया जाए। बिजली दस घंटा लगातार दी जाए, राजघाट, दैलवारा फीडर की बिजली पूरे दिन काटी जा रही है जिसे बंद किया जाए। और दिन में बिजली दी जाए, बिजली जाते ही जी ओ व वी एस एन एल के नेटवर्क चले जाते हैं नेटवर्क ठीक कराया जाए। फसल बीमा का पिछले वर्ष का एक सौ दो कडोर रुपए दिलाए जाऐ और २०२५ खरीफ बीमा हजारों किसानों को नहीं मिला जिसे सीध्र दिलाया जाए । ज्ञापन पर प्रांत उपाध्यक्ष केहर सिंह बुंदेला, सोहनलाल विश्वकर्मा, कृष्णकांत कांकर, ऊदल सिंह, तिलक राम कौशिक, भरतसिंह, चंदनसिंह मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत पर की गई एफआईआर दर्ज

### जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना बार क्षेत्र के ग्राम सेमरा भागनगर निवासी सुपनेखा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 5 नवम्बर को अपराह्न करीब 2 बजे उसका पति राजेश कुमार अपनी मोटर साइकिल से चिगलौआ गांव से घर वापस लौट रहा था। जब वह चिगलौआ स्कूल के पास पहुंचा ही था कि तभी पीछे से आ रही मोटर साइकिल सं. यू.पी.94 ए.के. 9132 के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान पीछे से आये रोहित पुत्र शिवराम व जयराम पुत्र दलपत ने घायल को एम्ब्युलेंस के जरिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बार पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। बताया कि जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसके पति ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर अनुसार मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग

**ललितपुर।** भारतीय किसान संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जाखलौन पम्प नहर को फुल गेज, 5 पम्प चलाकर टेल तक दैलवारा, अमरपुर, रसोई, डिबाई आदि सभी माइनरों में पानी पहुंचाने की मांग उठायी। बताया कि राजघाट की ऊपरी व निचली नहर का पानी टेल तक पानी पहुंचाया जाए। बिजली दस घंटा लगातार दी जाए, राजघाट, दैलवारा फीडर की बिजली पूरे दिन काटी जा रही है जिसे बंद किया जाए। और दिन में बिजली दी जाए, बिजली जाते ही जिओ व बीएसएनएल के नेटवर्क चले जाते हैं, जिसे ठीक कराया जाए। फसल बीमा का पिछले वर्ष का एक सौ दो करोड रुपए दिलाए जाए और 2025 खरीफ बीमा हजारों किसानों को नहीं मिला जिसे शीघ्र दिलाया जाए। ज्ञापन पर केहरसिंह बुंदेला, सोहनलाल विश्वकर्मा, कृष्णकांत कांकर, ऊदल सिंह, तिलकराम कौशिक, भरतसिंह, चंदनसिंह, दीपचंद, रघुवीर सिंह, मनोज, भूपेंद्र, गोकुल, सूखा आदि मौजूद रहे।

### बजाज फाइनेंस कंपनी के नाम पर ठगी करने का मामला

## पुलिस ने अंतर प्रांतीय चार जालसाजों को धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



बजाज फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड से लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये की हानि कम्पनी को पहुंचाने वाले चार शातिर बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा है। प्रोपर्टी लोन के नाम पर करीब पौने दो करोड़ रुपये का गबन करने वाले शातिर बदमाशों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी, जिसमें उन्होंने अपना जुर्म कबूल करते हुये पुलिस के समक्ष पूरी घटना का पटाक्षेप किया।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि बीती पांच अगस्त 2025 को शाम करीब साढ़े छह बजे मु.अ.सं.0881 को झांसी निवासी संदीप सिंह सोलंकी ने बताया कि वह बजाज फाइनेंस लिमिटेड में असिस्टेण्ट मैनेजर रिस्क के पद पर तैनात है। आरोप लगाया कि कम्पनी में ही कार्यरत आधा दर्जन से अधिक लोगों ने धोखाधड़ी कर कम्पनी के नाम से लोगों को लोन दिलाने के नाम पर करीब 1 करोड़ 71 लाख 1703 रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। पुलिस ने संदीप सिंह की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2), 61(2), 341(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी व एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के संयुक्त निर्देश, एएसपी कालू सिंह व सीओ सिटी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी अनुराग अवस्थी व निरीक्षक नरेन्द्र सिंह ने अपनी टीम के साथ पड़ताल शुरू की। जांच के दौरान प्रकाश में आये टौरिया मंदिर के पास नेहरू नगर निवासी महेन्द्र राय पुत्र रामबक्श राय, कमिश्नरेट उत्तरी लखनऊ के कस्बा व थाना पारा अंतर्गत गली नं. 5 गायत्री बिहार निवासी अभिनव निगम पुत्र राजेश निगम, म.प्र.ग्वालियर में थाना मुरार अंतर्गत ब्रिज कालोनी कालपी निवासी पारस वर्मा पुत्र घनश्याम, म.प्र. जिला शिवपुरी के थाना दिनारा अंतर्गत पुराना पोस्ट ऑफिस के पास अम्बेड़कर पार्क निकट निवासी विकास दिवाकर पुत्र विजय बाबू दिवाकर को पुलिस ने धर दबोचा है। इनके पास से पुलिस ने चार मोबाइल फोन व 4900 रुपये नकद बरामद किये हैं। पूछताछ के दौरान उक्त लोगों ने बताया कि वह संगठित गिरोह बनाकर लोगों को गुमराह करते थे और लोन दिलाने के नाम पर कम्पनी में काम करने का अनुभव होने के जरिए ठगी को अंजाम देते थे। बताया कि अपनी ओर से पम्पलेट छपवाकर चस्पा कर दिये थे, जिससे लोगों द्वारा सम्पर्क करने पर उन्हें प्रोपर्टी इत्यादि के कूटरचित दस्तावेज बनाकर लोन दिलाने की प्रक्रिया कराते थे और अन्य दस्तावेजों के आधार पर लोन स्वीकृत कराकर रुपये निकासी कर आपस में बांट लेते थे।

### शाम होते ही सूबात कचहरी में सज जाती है नशे की मंडी

# जो बिल्डिंग कभी अपराधियों को पहुंचाती थी जेल,वह आज बनी नशेडियों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

एक ओर तो सामाजिक संस्थाएं पुलिस प्रशासन नशामुक्त वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से सड़कों पर नुक्कड़ नाटक, स्कूलों में विभिन्न निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराने में लगी हुई हैं वहीं दूसरी ओर बीच बाजार में सरकार की वह बिल्डिंग जहां से कभी मुजरिमों सजा सुनाकर जैल के सीखचों के पीछे भेजा जाता था वो बिल्डिंग आज नशा कारोबारियों और नशा करने वालों को संरक्षण देने वाला ठिकाना बन गया है। हम बात कर रहे हैं शहर के बीच स्थित सूबात कचहरी की जो इन दिनों नशेड़ियों का अड्डा बन चुकी है। शाम होते ही इस पुराने तहसील कॉम्प्लेक्स में नशेड़ियों का जमघट लग जाता है।

कॉम्प्लेक्स में पडे नशीली दवाओं की शीशियों, गोलियों के पत्ते इसका जीता-जागता सबूत हैं। परन्तु इसकी तरफ न तो पुलिस प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही प्रशासनिक अधिकारी। ऐसे में एसपी का नशामुक्त समाज का सपना हवा हवाई साबित हो रहा है।

सुबात चौराहा के पास किला रोड पर स्थित पुराना तहसील कॉम्प्लेक्स के बाहर दिन भर चहल पहल रहती है। भीड़ भाड़ वाले इस क्षेत्र में फोटो स्टेट, एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर जैसी जरूरी सुविधाओं वाली दुकाने सजी हुई हैं जहां पर दिन भर लोगों का आना जाना लगा रहता है, लेकिन शाम होते ही इन दुकानों का कामकाज खत्म होकर बाजार में सन्नाटा छा जाता है और पुराना तहसील कॉम्प्लेक्स नशेड़ियों से गुलजार हो जाती है। अंधेरे का फायदा उठाकर नशेड़ी व असामाजिक तत्व यहां महफिल सजाकर नशा करते हैं। पर ये नशेडी पुलिस को क्यों दिखाई नहीं पड़ रहे ये भी आश्चर्य चकित करने वाली बात है। नशेड़या द्वारा उपयोग किए जाने वाले एविल इंजेक्शन की खाली शीशी एवं सिरिंज, बियर की बोतल व अंग्रेजी दवाइयों के खाली रेपर बोतल बड़ी संख्या में पड़े हुए है जो सूबात कचहरी को नशेड़यों का अड्डा साबित करने के लिए काफी है, इस संबंध में पुलिस का कहना है कि इस तरह की स्थित्तियां है तो उसे दिखवाते हुए कार्रवाई की जाएगी। जो भी नशा बेचने में लिप्त पाया सिख जाएगा, उसे छोड़ा नहीं जाएगा।



#### पुलिस की खामोशी आश्चर्यजनक

सूबात कचहरी नशेड़ियों का अड्डा बनी हुई है पुलिस इसकी जानकारी होते हुए भी खामोश हैं। सुबात कचहरी में दो प्रवेश द्वार हैं। मुख्य गेट किला रोड मैन बाजार में, दूसरा रास्ता आनंदी माता मंदिर के पास से सीढ़ी चढ़कर जाता है। इस सीढ़यों वाले रास्ते से ही चढ़कर नशेड़ी भवन के भीतर घुसकर नशा करते रहे है लेकिन अब नशेड़ियों के हौसले इतने अधिक बढ़ गए है कि उन्होने मुख्य गेट का ताला भी तोड़ दिया और खुलेआम नशा कर रहे हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि नशेड़ी आने जाने लोगो को दिख रहे है,लेकिन पुलिस को क्यों नहीं दिख रहे है।

#### स्मैक का होता है अधिक नशा, मौके पर ही मिल जाता है टोकन

सुबत कचहरी में हालांकि शराब और दूसरे नाते भी होते हैं पर सबसे अधिक नशा स्मैक का ही होता है। एंटी एलर्जिक इंजेक्शन में स्मेक पाउडर मिलाकर उसे नस के भीतर लगाने का नशा युवाओं में सिर चढ़कर बोल रहा है। नशेड़ी इस नशे को पुड़िया में बांधकर आसानी से उपलब्ध करा देते हैं। कोड वर्ड में इस पुड़िया को टोकन बोला जाता है कशा करने वाले और नशा बेचने वाले एक दूसरे को पहचानते है इसलिए यह टोकन कैसे और कहां मिलेगा इसकी डील पहले मोबाइल पर कर लेते हैं और टोकन कमी रास्ते में उठाने के लिए पटका जाता है।

#### इनका कहना है

शीघ्र ही शहर में नशे के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जाएगा हालांकि हमने कई नशेड़ियों को पकड़ कर जैल के सीखचों के पीछे भिजवाया है इसके बावजूद जो लोग चोरी छिपे नशा कर रहे हैं और बेच रहे हैं उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करेंगे

सतीश चौहान
टीआई श्योपुर

### गैंग के तीन अन्य सदस्य भी नामजद, सभी पर 2-2 हजार का इनाम

# भैंस लूटने वाली गैंग का एक सदस्य पुलिस ने दबोचा,भैंसे भी की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

करीब दस दिन पहले गसवानी थाना क्षेत्र के जंगल से बंदूको की नोंक पर दर्जनभर भैसों को लूटकर भागी भैस चोर गैंग का गसवानी थाना पुलिस ने पता लगाते हुए एक सदस्य को दबोच लिया है। साथही उसकी निशानदेही पर लूटी गई सभी भैसे बरामद भी कर ली गई है। लेकिन पुलिस के आने की खबर मिलने पर भैस चोरी गैंग के तीन अन्य सदस्य फरार हो गए है। मगर पुलिस ने तीनों को नामजद कर लिया है। जिन पर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने 2-2 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया है। दबोचे गए सदस्य पर भी 2 हजार का इनाम था।

यहां बता दें कि 19 नवंबर को ग्राम बुढेरा निवासी अंगद धाकड पुत्र स्व प्रभू दयाल धाकड जब कोहिला के जंगल में छोटी बडी करके अपनी दर्जनभर भैसों को चरा रहा था,तभी बंदूक और लाठी लेकर आए चार बदमाश अंगद को बंदूक का डर दिखाकर उसकी दर्जनभर भैसों को लूटकर भाग गए। इस दौरान अंगद धाकड दो तीन बदमाशों को पहचान भी गया था। इसलिए उसने अपने भतीजे के साथ गसवानी थाने में पहुंचकर भैस लूटने के मामले की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने तत्काल एफआईआर दर्ज करते हुए गसवानी थाना पुलिस सहित आसपास के थानों की पुलिस को भैस चोरों की तलाश के लिए जंगल में उतार दिया और गैंग के चारो बदमाशों पर 2-2 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत और चिलवानी थाना प्रभारी जय रघुवंशी की पुलिस टीमों ने एएसपी प्रवीण भूरिया और एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर के निर्देशन में घेराबंदी करते हुए इस गैंग के मुख्य सदस्य धन्नी पुत्र साहब सिंह गुर्जर निवासी लखनपुरा थाना तिघरा जिला ग्वालियर को दबोच लिया और सिकरावली-देवरा के जंगल में बनी खिरकाई पर जाकर रखी लूटी गई सभी भैसो को बरामद कर लिया है। इस कार्रवाई में गसवानी थाने के एएसआई नर सिंह मावई, प्रआर धर्मेन्द्र सिंह, आरक्षक मोहन सिंह दांगी, शिवजी रावत, साइबर सेल आरक्षक राज बल्लभ यादव, प्रियल पाठक आदि का भी सहयोग रहा है।



#### पहली वारदात में ही पुलिस के हत्थे चढ गई गैंग

गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि दबोच गए गैंग के सरगना धन्नी सिंह गुर्जर ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि यह उसकी पहली भैस लूटने की वारदात है। कुछ समय पहले ही उसने चार दोस्तों खुद के ही गांव के विक्की गुर्जर, गोटूपुरा गांव के भरत गुर्जर और मूसाकी गांव के दिलीप गुर्जर के साथ मिलकर भैस चोरी की प्लानिंग की और प्लानिंग के अनुसार गसवानी थाना क्षेत्र के जंगल में पहली भैस लूटने की वारदात को अंजाम दिया। लेकिन यह गैंग पहली वारदात के दौरान ही पुलिस के हत्थे चढ गई है। गैंग का सरगना तो पुलिस की गिरफ्त आ गया है। शेष तीनों सदस्य भी जल्द ही पकड में आ जाएंगे।

# नई शिक्षा नीति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर राष्ट्रीय वेबिनार संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय, श्योपुर में आज "नवीन शिक्षा पद्धति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। यह वेबिनार उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की गई।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि भविष्य का प्रमुख कौशल है, जिसके बगैर आने वाले समय में किसी भी क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण होगा। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 में डिजिटल एवं एआई आधारित शिक्षण को दी गई प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए शिक्षकों और विद्यार्थियों को एआई उपकरणों के सही उपयोग के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता के रूप में देश के दो प्रतिष्ठित शिक्षाविदों ने उपस्थित प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की विभिन्न अवधारणाओं और उपयोगों से अवगत कराया। प्रथम मुख्य वक्ता डॉ. आशीष गौड़, सहायक प्रोफेसर, बायोसाइंस विभाग, ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय, देहरादून ने एआई के मूल सिद्धांत, मशीन लर्निंग और पैटर्न रिकग्नीशन को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने एआई के लाइफ साइंस, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते उपयोगों पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि एआई के माध्यम से जीनोमिक डेटा विश्लेषण, औषधि खोज, रोग निदान, फसल रोग पहचान, स्मार्ट फार्मिंग और मेडिकल इमेजिंग में नए आयाम खुल रहे हैं।

द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ. विप्लव कुमार सिंह, सहायक प्रोफेसर, वनस्थली विद्यापीठ, टोंक ने शोध लेखन, डेटा विश्लेषण और इमेज निर्माण में उपयोग होने वाले नवीनतम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का अत्यंत प्रभावी प्रदर्शन किया।उन्होंने बताया कि शोधार्थी एआई की मदद से न केवल लेखन की गुणवत्ता सुधार सकते हैं, बल्कि जटिल ग्राफिक्स, पोस्टर, वैज्ञानिक आकृतियाँ और प्रेजेंटेशन भी कुछ ही मिनटों में तैयार कर सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण एआई टूल्स बताए, जो अध्ययन, नोट्स बनाने, भाषा सुधारने और रचनात्मक कौशल बढ़ाने में अत्यंत सहायक हैं। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. विपिन बिहारी शर्मा ने वेबिनार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम कॉलेज में तकनीकी शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम के संयोजक अजीत सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कहा कि एनईपी 2020 के अनुरूप इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी जरूरतों के लिए सक्षम बनाते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ लोकेंद्र सिंह जाट और डॉ सीमा चौकसे ने किया। डॉ आसिफ कुरेशी, डॉ उर्मिला बाथम, डॉ कविता, प्रो गुमान सिंह, प्रो कमलेश निगम का वेबिनॉर के आयोजन में सहयोग किया। वेबिनार में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एसडी राठौर, डॉ सुभाष चंद्र , डॉ रमेश भारद्वाज सहित श्योपुर जिले के समस्त प्राध्यापक और महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।



# बालिका शिक्षा मात्र अभियान नहीं सामाजिक परिवर्तन का आंदोलन:परमार




हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

महात्मा गांधी सेवा आश्रम द्वारा इम्पेक्ट के सहयोग से संचालित "बालिका शिक्षा कार्यक्रम" के शिक्षक शिक्षिकाओं पर्यवेक्षकों एवं समन्वयकों की महत्वपूर्ण बैठक आज गांधीआश्रम परिसर में संपन्न हुई। बैठक में अभियान की वर्तमान स्थिति, भविष्य की दिशा और ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा के प्रसार पर सार्थक एवं गहन चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी सेवा आश्रम के सचिव रन सिंह परमार ने कहा कि कर्म करना मनुष्य का अधिकार है, परिणाम की चिंता ईश्वर पर छोड़ते हुए हमें अपने कार्य की निष्ठा बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने समझाया कि बालिका शिक्षा कार्यक्रम मात्र एक योजना नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आंदोलन है, जिसमें हर कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और पर्यवेक्षकों को बालिकाओं की शिक्षा में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। समाजसेवी संविधान वेत्ता जयसिंह जादौन तथा आश्रम के उपाध्यक्ष कैलाश पाराशर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए में कहा कि बेटियाँ आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से देश का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि आश्रम के इस अभियान से जुड़कर सभी कार्यकर्ता एक पवित्र और राष्ट्र निर्माण वाले कार्य में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बालिकाओं को मन लगाकर पढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को रामदतसिंह व इम्पेक्ट के मौसमदीन ने भी सम्बोधित किया। राधावल्लभ जांगिड योजना समन्वयक ने कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन सुपरवाइजर महाबीर मीणा ने किया।

### बड़ौदा पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजनो को सौंपा

# चंबल नहर में गिरा बाइक सवार, तीन दिन बाद 25 किमी दूर जाकर मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

सारसिल्ली गांव की तरफ जाते समय बाइक सवार एक युवक चंबल नहर में गिर गया। हालांकि बाइक तो पुल के पास ही अटकी रह गई, लेकिन युवक चंबल नहर में पानी के तेज बहाव के साथ बह गया। तीन दिन बाद शनिवार को युवक का शव बडौदा से करीब 25 किलोमीटर मातासूला गांव के पास जाकर मिला है। जिसे बडौदा थाना पुलिस ने चंबल नहर से निकालने के बाद उसे पीएम के उपरांत परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम बिलेंडी निवासी होकम सिंह आदिवासी (उम्र 30 वर्ष) पुत्र रामकिशन आदिवासी 26 नवंबर की रात को बाइक से सारसिल्ली गांव की तरफ जा रहा था,तभी चंद्रसागर महादेव मंदिर के पास बनी चंबल नहर की पुलिया पर चढने के दौरान उसकी बाइक संतुलन खो गई और वह बाइक सहित नहर में गिर गया,हालांकि बाइक को पुलिया के पास ही अटकी रह गई,लेकिन होकम सिंह चंबल नहर में बह गया। जिसकी सूचना परिजनो ने 27 नवंबर को पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम भी युवक की तलाश में लग गई। शनिवार को देहात थाना क्षेत्र के गांव मातासूला के पास चंबल नहर से युवक का शव बरामद किया। जिसे पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### श्योपुर पहुंचे सभी 9 छात्रों का भाजपा नगर मंडल ने किया स्वागत

# राष्ट्र सुरक्षा संकल्प को लेकर रॉयल सैनिक स्कूल के छात्रों ने लगाई 225 किमी की दौड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

रॉयल सैनिक कैंपस जयपुर के नौ छात्र 26/11 मुंबई हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए 225 किलोमीटर की दौड़ लगाते हुए श्योपुर पहुंचे। यहां दौड़ के समापन पर भाजपा नगर मंडल ने सभी 9 छात्रों का आत्मीय स्वागत किया।

जयपुर से दौड़ लगाते हुए शनिवार को श्योपुर पहुंचे छात्रों का भाजपा नगर मंडल श्योपुर के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने पीजी कॉलेज पर पुष्प वर्षा एवं माला पहनाकर स्वागत किया इस दौरान भारत माता जय घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। श्योपुर में दौड़ पूरी करने के बाद छात्रों ने गांधी पार्क पहुंचकर 26/11 के वीर शहीदों को नमन किया और राष्ट्र की सुरक्षा के संकल्प को दोहराया इन युवाओं की यह 225 किलोमीटर की दौड़ शहीदों को समर्पित एक प्रेरणादायी पहल है, जो समाज में राष्ट्रप्रेम, एकता और समर्पण का संदेश देती है। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू सोनी,राज बहादुर मारु, विजय जांगिड़, महेंद्र दोहरे,धर्मू गौतम,आशीष यादव, दिनेश तिवारी, सुरेंद्र बैरवा,अनिमेष राजावत ,किरू मीणा,धीरज वैष्णव, पवन दौहरे,गोविंद सेन आदि मौजूद थे



### तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ने गांवों में पहुचंकर पारित करवाया प्रस्ताव

# तंबाकू के नशे से मुक्त बनेगें श्योपुर जनपद के 6 गांव, ग्राम पंचायतों ने पारित किया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

जनपद पंचायत श्योपुर की तीन ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 6 गांव अब तंबाकू के नशे से मुक्त गांव बनेगे। इसके लिए संबंधित ग्राम पंचायतों ने प्रस्ताव पारित कर लिया है। यह कवायद तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा के द्वारा संबंधित ग्राम पंचायतों में पहुंचकर वहां के ग्रामीणों सहित सरपंच और सचिव के सहयोग से संपादित करवाई। ग्राम पंचायतों के द्वारा प्रस्ताव पारित करने के बाद अब चयनित गांवों में जो भी व्यक्ति तंबाकू का नशा करता मिलेगा,उसके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल इन दिनों शासन के द्वारा 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' चलाया जा रहा है। गत 9 अक्टूबर से शुरू हुआ यह अभियान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा श्योपुर जिले में भी चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से 'तंबाकू मुक्त गांव' बनाना है। इसके लिए जिले में ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिव सहित गांव के अन्य जागरूक नागरिकों को इस अभियान में सहयोगी बनाते हुए लोगो को तंबाकू का सेवन छोडने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा ने बताया कि इसी अभियान के तहत जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत रायपुरा, पांडोला और अजापुरा की ग्राम पंचायतों के द्वारा अपने अधीन आने वाले गांवों को तंबाकू मुक्त गांव बनाने का प्रस्ताव पारित किया है।




#### अब जो करेगा तंबाकू का नशा,उस पर जुर्माना करेगी पंचायत

दरअसल 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत श्योपुर जिले में 30 गांवों के तंबाकू मुक्त किए जाने का लक्ष्य लिया गया है। इसी क्रम में 6 गांवों को तंबाकू मुक्त गांव बनाने का प्रस्ताव किया गया है। शेश 24 गांवों को भी चयनित करते हुए वहां भी तंबाकू का सेवन न करने का प्रस्ताव संबंधित ग्राम पंचायत के द्वारा पारित करवाया जाएगा। नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा ने बताया कि तंबाकू मुक्त गांव बनाने का प्रस्ताव पारित करने वाली तीनों ग्राम पंचायते पहले अपने क्षेत्र के सभी ग्रामीणों को इस दिशा में जागरूक करेगी और उन्हें तंबाकू का नशा नहीं करने की समझाइस देगी। इसके बाद भी जो व्यक्ति तंबाकू का सेवन करना बंद नहीं करेगा,उसके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

#### ये गांव होंगे तंबाकू के नशे से मुक्त

तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा ने बताया कि शनिवार को ग्राम पंचायत पांडोला में पहुंचकर उप सरपंच अशफाक अली,सचिव प्रमोद मावई, रोजगार सहायक सत्यनारायण सेन, समाजसेवी हनुमान तिवारी सहित अन्य नागरिकों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत के द्वारा पांडोला को तंबाकू मुक्त किए जाने का प्रस्ताव पारित किया है। इसके साथही ग्राम पंचायत अजापुरा में सरपंच रामश्री बाई,सचिव शंभूदयाल नागर, रोजगार सहायक जितेन्द्र नागर, शिक्षक हरिशंकर बाथम की उपस्थिति में ग्राम अजापुरा और इसी ग्राम पंचायतम के अधीन आने वाले महू गांव को तंबाकू मुक्त गांव बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके पूर्व ग्राम पंचायत रायपुरा के तीनों गांवो रायपुरा, जाटखेडा और दलारनाखुर्द को तंबाकू मुक्त गांव बनाए जाने का प्रस्ताव ग्राम पंचायत रायपुरा के द्वारा भी पारित किया गया है।

### कराहल एवं विजयपुर विकासखंड मुख्यालय पर भी होंगे आयोजन

# कल होगा श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर पर सामूहिक गीता पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

01 दिसम्बर 2025 को गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर सामूहिक समवेत गीता स्वाध्याय कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय सहित कराहल एवं विजयपुर विकासखण्ड मुख्यालय पर किया जायेगा। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में जिला मुख्यालय श्योपुर पर श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर पर 1100 सामूहिक गीता पाठ, विकासखण्ड कराहल मुख्यालय स्थित आदर्श एकलव्य आदिवासी आश्रम कराहल में 500 सामूहिक गीता पाठ एवं विकासखण्ड विजयपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर में 500 सामूहिक गीता पाठ के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। मप्र शासन संस्कृति विभाग के तत्वाधान में जिलास्तर पर सामूहिक समवेत गीता स्वाध्याय का कार्यक्रम 01 दिसंबर को श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में प्रातः 09:30 बजे से प्रारंभ होगा। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने जिलास्तर सहित विकासखंड मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में कार्यक्रम प्रभारियों को निर्देश दिए हैं, कि गीता पाठ के कार्यक्रम हेतु विश्व गीता प्रतिष्ठान के जिला प्रमुख जितेन्द्र शर्मा एवं जिला प्रमुख अंजना शर्मा का सहयोग लिया जाये। गीता पाठ पुस्तक इनके द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। इनसे पुस्तक प्राप्त कर गीता पाठियों को उपलब्ध करायें। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाये तथा विद्यार्थियों एवं जन सामान्य एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं, गीता परिवार, शासकीय सेवक आदि की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में श्रीकृष्ण चित्र प्रदर्शनी का आयोजन व्यवस्थित रूप से किया जायेगा।



## खबर संक्षेप

### अज्ञात बदमाश बाइक चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतग्रत वार्ड क्रमांक 21 निवासी मिथुन अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अस्पताल चौराहे से उसकी काले रंग की बाईक जिसका नंबर एमपी 67 एमडी 0260 है उसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

### सड़क दुर्घटनाओं के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के दो मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ईसागढ निवासी भूपेन्द्र सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बुलेरो पिकअप वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। जिले के देहात थोन के अंतर्गत मोती मोहल्ला निवासी राहुल बालू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ईसागढ़ रोड पर महाना तिराहे के अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए लखन बाल्मीक को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए हैं। जिले के चन्देरी थाने की पुलिस ने हल्की बाई आदिवासी निवासी सिंहपुर चाल्दा के पास से 8 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की कचनार थाने की पुलिस ने कल्ला कुशवाह निवासी खजूरिया कला के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। देहात थाने की पुलिस ने मुल्लाखेड़ी निवासी बलविंदर सिक्ख के पास से 10 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की है।

### सेवानिवृत्त होने पर शासकीय सेवकों का किया सम्मान




**अशोकनगर।** जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का सम्मान कर विदाई समारोह आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में माह नवम्बर 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर द्वारा जनसुनवाई कक्ष में किया गया। सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में माह नवम्बर 2025 में होने वाले 13 शासकीय सेवकों का सम्मान किया गया। साथ ही माह अक्टूबर 2025 में सेवानिवृत्त हुए 07 शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल खंतवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला कोषालय अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी ने किया। 28 नवंबर फोटो न.06 सेवानिवृत्त होने पर शासकीय सेवकों का सम्मान कर विदाई दी गई।

### देवेश ओझा बने श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के प्रदेश मंत्री

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा में श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन की नव घोषित प्रदेश कार्यकारिणी में शाढ़ौरा के युवा समाजसेवी एवं पत्रकार देवेश ओझा को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। यह घोषणा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा के निर्देशन एवं प्रदेश अध्यक्ष परमानंद विश्वकर्मा द्वारा वरिष्ठ पदाधिकारियों से परामर्श के उपरांत की गई। देवेश ओझा की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से शाढ़ौरा एवं अशोकनगर क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। स्थानीय समाजसेवियों व समाजबंधुओं ने मिठाइयाँ बाँटकर और आतिशबाजी कर एक-दूसरे को बधाइयां दीं।



## चंदेरी महोत्सव में वर्चुअल रूप से जुड़ते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा...

# चंदेरी कला, इतिहास और पर्यटन की नगरी है इसके गौरव को बनाकर रखने का प्रयास करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





चंदेरी महोत्सव के शुभारंभ समारोह में वर्चुअल रूप से जुड़ते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव ने कहा कि चन्देरी कला, आध्यात्म, इतिहास और पर्यटन की नगरी है। हर समय हर युग में हमें आर्कषित करती है। चन्देरी का पूर्व नाम चेदुपुरी रहा है इसका संबंध भगवान श्री कृष्ण से है और राजा शिशुपाल का नाम भी इस चन्देरी से जुडा है। तकनीक के माध्यम से मैं आपसे जुड़ा हूं लेकिन मैं मानकर चलता हूं कि चन्देरी में आप सब के बीच में ही हूं। मैं विश्व प्रसिद्ध हैण्डलूम के कारण मध्यप्रदेश को गौरव प्रदान करने वाला है। चन्देरी ईको रिट्रीट महोत्सव का शुभारंभ हमारे लिए गौरव और गर्व की बात है। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, विधायक जगन्नाथसिंह रघुवंशी, विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजय सिंह यादव के साथ आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं।

### चन्देरी को देख कर न जाएं महसूस करके जाएं: सिंधिया

इस मौके पर चन्देरी ईको रिट्रीट महोत्सव का केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर कलेक्टर आदित्य सिंह भी मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि चन्देरी महोत्सव आगे बढ़ता जाए, जो मेहमान यहां आए हैं मैं उनसे कहना चाहता हूं। चन्देरी एक ऐसा भव्य नगर है जिसे देखा नहीं जाता इसे महसूस किया जाता है। आप यहां आए हैं तो इसे महसूस करके जाना। यहां की जनता का लाड़ प्यार स्वीकार करना। ज्ञात हो कि इस आयोजन को लेकर कटी घाटी के पास टेंट सिटी बनाई गई है। यहां यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।



### 29 कंपनियां ले रही हैं भाग, 3 दिसबंर तक चलेगा आयोजन

एमपीआइडीसी के माध्यम से यह 5 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है जिसमें 29 कंपनियां भाग ले रही हैं। इन कंपनियों के पदाधिकारी इस आयोजन में शामिल हुए हैं। 28 नबंवर को हस्त शिल्प पर फैशन शो कार्यक्रम आयोजित किया गया। 29 नबंवर को कंपनीयां अपनी-अपनी जानकारी प्रदान करेंगीं। 30 नबंवर को लोकल गतिविधियां आयोजित होगीं जिसमें मीडिया और प्रशासन के लोग शामिल होगें, खेल कूंद की गतिविधियां भी आयोजित की जाएगीं। जिसे आनंद उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 01 दिसंबर को संस्कृति विभाग के द्वारा नृत्य की सामुहिक प्रस्तुती प्रदान की जाएगी। 2 दिसंबर को कविता सेठ गायिका अपनी प्रस्तुती प्रदान करेंगी और 3 दिसंबर को भी अंतिम दिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### नहाने गई वृद्ध महिला की तालाब में डूबने से मौत



**भौंती।** ग्राम मनपुरा में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां नहाने गई 65 वर्षीय मुन्नी नामदेव पत्नी कोमल नामदेव की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सुबह नहाने के लिए निकली महिला जब काफी देर तक घर नहीं लौटी तो परिजन चिंतित हो गए और उन्हें खोजते हुए देवी सागर तालाब पहुंचे। तालाब किनारे बने घाट पर महिला के कपड़े रखे मिले, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। इस पर परिजनों और ग्रामीणों ने तालाब में उतरकर उनकी तलाश शुरू की, लेकिन काफी प्रयासों के बाद भी सफलता नहीं मिली। कुछ देर बाद अचानक महिला का शव पानी की सतह पर तैरकर ऊपर आ गया, जिसे देखकर परिजन रोने-बिलखने लगे। सूचना मिलते ही भौंती पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्वरोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों ने 107 से अधिक युवाओं को दिए ऑफर लेटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शुक्रवार को कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिला व्यापार व उद्योग केंद्र परिसर, अशोकनगर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 9 कम्पनियों द्वारा भाग लिया गया। इस दौरान कुल 230 युवाओं द्वारा पंजीयन कराया गया एवं 107 आकांक्षी युवाओं ऑफर लेटर प्रदान किया गया। युवा संगम में प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये।

**विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ के हितग्राहियो को मौके पर ही किया गया हितलाभ वितरण** कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओ के 123 हितग्राहियो को 4 करोड़ 89 लाख का रुपए का हितलाभ वितरण ऑनलाइन कराया किया गया, इस दौरान अतिथियों द्वारा टोकन स्वरूप जिसमें मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के हितग्राहियों नथन सिंह को रिटेल ट्रेड के लिए 2.88 लाख एवं अभिषेक को रिटेल ट्रेड के लिए 10.00 लाख,पी एम एफ एम ई योजना के अंकुर पलिया को 9.90 लाख, हरभजन संधू को 8.50 लाख टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के ऊषा बाई को किराना दुकान के लिए 80 हजार, चयन सिंह सहरिया को किराना दुकान के लिए 80 हजार, विमुक्त घुम्मंतु स्वरोजगार योजना के रवि बंजारा को सेंडिंग कार्य के लिए 1.00लाख, शारदबाई बंजारा को किराना दुकान के लिए 80 हजार ,डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याणी योजना के मांगीलाल अहिरवार को 99000 की राशि के स्वीकृति पत्र देकर मौके पर ही हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया।

# सिंधिया ने खाद वितरण केंद्र का किया निरीक्षण

### लाइन में लगे किसानों से मिलकर की बात बातचीत, जानी व्यवस्था





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया क्षेत्र में डीएपी खाद की उपलब्धता को लेकर किसानों की बढ़ती चिंताओं के बीच आज अपने प्रवास के दौरान अचानक अशोकनगर जिले के ईसागढ़ के नईसराय स्थित खाद वितरण केंद्र पर पहुँचे। सिंधिया ने मौके पर पहुँचकर स्टॉक, सप्लाई और वितरण व्यवस्था का पूरा मूल्यांकन किया ताकि किसी किसान को खाद के लिए परेशान न होना पड़े। केंद्रीय मंत्री ने कहा की प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार में अन्नदाताओं को पूरी खाद सप्लाई मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है और धीरे धीरे शेष बचे लोगों को भी शीघ्र खाद मुहैया कराई जाएगी।

### डीएपी खाद का स्वयं किया निरीक्षण, किसानों से सीधे संवाद

निरीक्षण के दौरान सिंधिया ने केंद्र पर उपलब्ध डीएपी के बैगों की स्वयं जांच की और किसानों को दिए जा रहे बैगों की मात्रा व गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वितरण रजिस्टर, पीओएस मशीन से किसानों को किए जा रहे आवंटन और स्टॉक की वास्तविक स्थिति का मिलान कराया। केन्द्रीय मंत्री ने किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं और खाद वितरण में आ रही कठिनाइयों को जाना। किसानों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। उन्हें असुविधा हो, यह किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं। मैं यह सुनिश्चित करने आया हूँ कि खाद की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की बाधा न रहे और हर किसान को समय पर उसका हक मिले।

### सप्लाई चेन की जमीनी समीक्षा अधिकारियों को तत्काल निर्देश

सिंधिया ने संपूर्ण वितरण प्रक्रिया की जाँच की, जिसमें वर्तमान स्टॉक, आगामी सप्लाई, ट्रकों की अनलोडिंग, टोकन वितरण, लाइन प्रबंधन और किसानों तक खाद पहुँचाने की गति के सभी पहलुओं का उन्होंने मौके पर मूल्यांकन किया। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला प्रशासन, कृषि विभाग और वितरण एजेंसियों को यह निर्देश दिया कि खाद उपलब्धता पर चैबीसों घंटे निगरानी रखी जाए और किसी भी प्रकार की देरी या अव्यवस्था को तुरंत दूर किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खाद वितरण में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों की सुविधा ही सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### सिंधिया ने किसानों को पर्याप्त सप्लाई का आश्वासन दिया

निरीक्षण के बाद मंत्री सिंधिया ने कहा कि सरकार वितरण प्रणाली को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठा रही है। किसानों को अनावश्यक रूप से लंबी कतारों में न लगना पड़े, इसके लिए भी अतिरिक्त प्रबंध किए जा रहे हैं। किसानों ने केन्द्रीय मंत्री के सीधे हस्तक्षेप पर संतोष व्यक्त किया और बताया कि निरीक्षण के बाद व्यवस्था में तेजी आई है।सिंधिया ने कहा कि मेरे लिए सबसे पहली प्राथमिकता मेरे किसान हैं। खेती से जुड़ी किसी भी समस्या के हल में देरी नहीं होगी। खाद, बीज, सिंचाई या फसल, किसी भी स्तर पर यदि कठिनाई आती है, तो मैं स्वयं मैदान में आकर उसका समाधान सुनिश्चित करता हूँ। क्षेत्र का विकास तब ही संभव है जब किसान मजबूत हों। केन्द्रीय मंत्री के इस औचक निरीक्षण से किसानों में राहत और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

# पिता ने साबरमती ट्रेन का मार्ग परिवर्तित कराया था, अब पुत्र से महू प्रयागराज ट्रेन का मार्ग परिवर्तित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इन दिनों गुना जिले के दौरे पर हैं। अशोकनगर में इन्दौर के लिए न होने का मुदद्दा बड़ा बनता जा रहा है। ऐसे में अब सांसद और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मांग की गई है कि वह पिता की तरह एक उदाहरण पेश करते हुए इतिहास में अपना नाम दर्ज कराएं और महूं अंबेडकर नगर से प्रयागराज को जाने वाली ट्रेन का मार्ग परिवर्तित कर इसे शाजापुर,गुना,अशोकनगर बीना के रास्ते चलाएं।

### पिता माधवराव सिंधिया ने पहली एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी थी

भाजपा नेता सुरेन्द्र मलावनी ने बताया कि 1986 में जब कैलाश वासी महाराज माधवराव सिंधिया रेल मंत्री थे तब उन्होंने साबरमती एक्सप्रेस जो मक्सी से भोपाल होकर बीना के रास्ते जाती थी उसका मार्ग परिवर्तन कर गुना अशोकनगर के रास्ते चलाया था तब यह एक बड़ा परिवर्तन किया गया था। उस समय रेल अधिकारियों ने पल्ला झाड़ने का प्रयास किया था और कहा था कि अगर इसे गुना मक्सी लाईन पर चलाया गया तो ट्रेक कमजोर होने से ट्रेन गिर सकती है। तब माधवराव सिंधिया ने कहा था कि आप ट्रेन चलाएं अगर ऐसी कोई घटना होगी तो मैं जिम्मेदारी लेने तैयार हूं। तब पहली बार इस ट्रेक पर एक्सप्रेस ट्रेन का शुभांरभ हुआ था। जो वर्तमान केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता ने पूरा कर दिखाया था।

### पुत्र से भी एक्सप्रेस ट्रेन को पिता के निर्णय की तरह चलाए जाने की मांग

सुरेन्द्र मलावनी ने कहा है कि उसी अनुसार जन भावनाओं के अनुरूप अब उनके पुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया से मांग की गई है कि डॉ अंबेडकर नगर (महू) से प्रयागराज को जाने वाली ट्रेन 14115/14116 का मार्ग मक्सी से भोपाल, बीना के रास्ते न चलाते हुए परिवर्तन कर इस ट्रेन को मक्सी से शाजापुर, ब्यावरा, गुना, अशोकनगर ,बीना के रास्ते ललितपुर, खजुराहो ,प्रयागराज के लिए चलाया जाए। इससे इंदौर ट्रेन की मांग भी पूरी होगी और प्रयागराज भी जाने में सुविधा मिलेगी। गुना अशोकनगर संसदीय क्षेत्र इंदौर से भी अछूता है और प्रयागराज से भी नहीं जुड़ा है। यह ट्रेन यहां के लिए लाइफ लाइन साबित होगी। गुना अशोकनगर, शाजापुर, राजगढ़ जिले के लाखों नागरिक इस बहुप्रतीक्षित मांग के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं कब केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इसकी घोषणा करें।

# प्रशिक्षण केंद्र की भूमि का मौका मुआयना किया


**अशोकनगर।** गुरूवार को भारत स्काउट गाइड के प्रशिक्षण केन्द्र की भूमि का जिले के अध्यक्ष मनोज जैन जिला मुख्य आयुक्त दया सिंह संन्धु जिला हैड क़्वार्टर कमिश्नर अबधेश शर्मा ने स्थल पर पहुंच कर जमीन का मौका मुआयना किया। गत दिवस भारत स्काउट गाइड के स्थापना दिवस के दिन कलेक्टर से भी प्रशिक्षण केन्द्र के उन्नयन के सबंध में चर्चा हुई थीं। भारत स्काउट के जिला कमिश्नर चन्द्रशेखर सिसोदिया जिला शिक्षा अधिकारी अशोकनगर से भी इस प्रशिक्षण केन्द्र के संबंध में शीघ्र चर्चा कर इसके उन्नयन की रूप रेखा तैयार की जावेगी।



## थूवोन जी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए सुधासागर महाराज ने कहा...

# संकट की घड़ी में कैसे मुस्कराना है यह कला जैन दर्शन सिखाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के निर्यापकाचार्य मुनि श्रीसुधासागर जी महाराज ने थूवोन जी में एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में कैसे मुस्कराना है यह कला जैन दर्शन सिखाता है जैन दर्शन ऐसी कलां सिखाता हैं कि मरते समय भी लोग खुशी मनाते हैं। जैन दर्शन कहता है कि अच्छी तरह से मरो समाधि रस्तू सारी दुनिया कह रही है हे महाराज बचाओ यहां कह जा रहा है जैन दर्शन में अब्रति को धर्म लाभ का आशीर्वाद दिया जाता है।

उन्होने कहा कि विनोबा भावे की भावना थी कि महावीर स्वामी की तरह समाधि पूर्वक इस देह को छोड़ना है उनकी बहुत प्रवल भावना थी और उन्होंने समाधि धारणा कर ली। तब भारत की तात्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विनोबा भावे के पास पहुंचकर उनसे दवा लेने को कहते हुए कहा कि आप बच सकते हैं तब विनोबा भावे कहते हैं कि मेरे और भगवान के बीच दवा और दवाव की जरूरत नहीं है और उन्होंने भगवान महावीर के निर्वाण दिवस पर हंसते हुए अपना शरीर छोड़ा, यह कहलाती है भावना। कहते हैं भव नाशनी होती है।

कुछ अधिक प्रकृति ने आपको दिया है जिससे आप अपनी जिंदगी अच्छी बना लें

उन्होंने कहा कि कुछ अधिक प्रकृति ने आपको दिया है जिससे आप अपनी जिंदगी अच्छी बना ले। यहा तक कि आप अपना मरण भी अच्छी तरह से कर सकें, गुरु आपकी जिंदगी अच्छी नहीं बना सकते आपको अच्छी जिंदगी जीने की राह बता सकते हैं। लोगों ने भ्रम पाल लिया कि हम जहां जायेंगे वहां संकट दूर हो जायेगा। दुनिया में आपको कोई संकट दे ही नहीं सकता, न ही कोई संकट दूर कर सकता है। यह ध्रुव सत्य मानना कि मेरी जिंदगी को संकट में नहीं डाल सकता कहीं संकट दूर करने का बोर्ड लगा लेते हैं कहीं मनसा पूरण का बोर्ड लगा लेते हैं। पूर्व में जो कर्म किया है उसका फल प्रत्यक्ष में देखने में आ रहा है। सारी दुनिया कहती हैं कि भगवान तुम्हें सुखी बना सकता है। भगवान तुम्हें दुखी बना सकता है। जैन दर्शन कहता है कि आपको कोई सुखी दुखी नहीं बना सकता, जब ऐसी घोषणा हुई तो लोगों ने जैन दर्शन को आउट कर दिया मात्र एक ही कारण है कि जिन भगवान कुछ लेते देते नहीं हैं इसलिए सब दूर हो गये।

**असीम क़ालीन भक्तावर से जुड़कर अपने धर्म राष्ट्र सेवा में लगे** इस अवसर पर तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने इस तीर्थ क्षेत्र पर असीम क़ालीन भक्तावर महा मंडल विधान प्रारंभ करा दिया है। इस विधान में भाग लेने वाले परिवार को एक चांदी की मुद्रा एवं एक चांदी का नंद्यावर्त कमेटी द्वारा स्मृति स्वरूप भेंट किया जायेगा। जिसे आप अपने बाद अपने वच्चो को वसियत में दे सकेंगे। यदि आपने तीर्थ क्षेत्र में पचास वर्षों के जीवन काल में पचास विधान किए तो कमेटी आपको पचास चांदी की मुद्रा एवं नंद्यावर्त भेंट करेगी। जो आप अपने बेटे बेटीयों को वसियत के रूप में छोड़ कर जायेंगे। इसके साथ ही रहने रुकने व भोजन एवं द्रव्य की व्यवस्था कमेटी एक बार की राशि में हमेशा देती रहेगी। इस योजना से जोड़ने का उद्देश्य मात्र तीर्थ क्षेत्र की भूमि पर आपके आगमन को लेकर किया गया है।